Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)
Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01
सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 18-10- 2021 | अंक 30

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## न्यूज ब्रीफ

### विषपान से युवक गंभीर, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करियातपुर निवासी बिकाश कुमार उम्र 20 वर्ष पिता अशोक रविदास ने आपसी विवाद में विषपान कर लिया। परिजनों ने उसे तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

### प्लास्टिक बाल्टी में डूबने से बच्चे की मौत

**अपेम लाइवः गिरीडीह**
**रोहित कुमार**

गावां नीचे टोला में पानी से भरे प्लास्टिक की बाल्टी में डूबने से एक वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। खेलने के दौरान बच्चा 20 लीटर की बाल्टी में डूब गया। बच्चे को ना देख परिजनों ने उसे ढूंढ़ना शुरू किया तो बाल्टी में उसका शव मिला।बच्चा देवरी प्रखंड के घोसो निवासी राजेश शर्मा का एक वर्षीय पुत्र रिध्यांशु कुमार था। घटना के बाद आस पास से काफी संख्या में लोग घटना स्थल पर पहुंचे। सभी घटना से स्तब्ध थे।



घटना स्थल पर मौजूद लोग

# खबर प्रकाशित होने के बाद आयुष चिकित्सको ने बताई अपनी दर्द– ए–दास्तान, कहा जबरन कराया जाता है एलौपैथी ओपीडी इमरजेंसी ड्यूटी

## 16 अगस्त को ही डीएस को आवेदन देकर ओपीडी से मुक्त करने का कर चुके है आग्रह, नही हुई सुनवाई, आरबीएस कार्यक्रम बरही में पूरी तरह फेल

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

अपेम लाइव न्यूज़ में आयुष चिकित्सको से एलौपैथी ड्यूटी कराने एवं आयुष चिकित्सको के द्वारा खुशी से ड्यूटी करने के मामले से संबंधित खबर प्रकाशित होने के बाद आयुष चिकित्सको ने अपनी चुप्पी तोड़ी और अपनी दर्दे दास्तान अपेम लाइव न्यूज़ के प्रतिनिधि सोनू पंडित से शेयर की। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत आयुष चिकित्सक डॉ० मो एज़ाज़, डॉ० मेराजुल इस्लाम, डॉ० अमन कुमार एवं डॉ० नीलू कुमारी ने बताया कि हम आयुष चिकित्सको की राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत नियुक्ति हुई है। हमलोगों का मुख्य कार्य सरकारी स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ रहे बच्चों की स्वास्थ्य जांच करना है। जरूरत के अनुसार उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करानी है। शुरुआत के समय में आरबीएसके के तहत काम शुरू भी हो गया। हमलोग कर भी रहे थे। लेकिन कोविड के समय हमलोगों को डीएस के द्वारा मूल कार्य से हटाकर कोविड ड्यूटी में लगा दिया गया। जबकि कोविड मरीजो की इलाज की जिम्मेदारी एमबीबीएस डॉक्टर की थी। इसके बाद भी जबरन कोविड ड्यूटी में लगाया गया। जब कोरोना सामान्य हो गया तो एलौपैथी ओपीडी ड्यूटी में लगा दिया गया। स्कूल बंद होने के वजह से हमलोग भी ओपीडी ड्यूटी किए। लेकिन जब स्कूल खुल गए तब हमलोगों ने आवेदन देकर डीएस से आग्रह किया कि हमलोगों को ओपीडी एवं कोविड ड्यूटी से हटाकर आरबीएसके के काम लगाया जाय। आवेदन 16 अगस्त 2021 को डीएस को सुपुर्द किया गया। तीन माह होने को हैं। इस पर कोई पहल नही किया गया। उल्टा 6 एमबीबीएस डॉक्टर्स होने के बाद भी हम दो लोगो की ड्यूटी गौरियकर्मा पीएचसी में लगा दी गई। वहां हमलोगों से एलौपैथी ओपीडी कराई जा रही है। जबकि हमलोग आयुष डॉक्टर हैं। आयुष चिकित्सको ने यह भी बताया कि आरबीएसके के तहत दो दो वाहन अस्पताल में चलाए जा रहे हैं। लेकिन एक भी काम आरबीएसके का नही हो रहा है। हमलोग स्कूल भ्रमण के लिए वाहन की मांग करते हैं लेकिन वाहन उपलब्ध नही कराया जाता हैं। एमबीबीएस डॉक्टर्स के छुट्टी पर जाने पर आयुष चिकित्सक को ड्यूटी में लगा दिया जाता है। डीएस की अपनी अधिकांश ड्यूटी आयुष डॉक्टर ही करते हैं। आयुष डॉक्टर्स से सात दिन ड्यूटी ली जाती है जबकि कुछेक को छोड़कर अधिक. ांश डॉक्टर्स तीन दिन से ज्यादा ड्यूटी नही करते हैं। डीएस डॉ० एसएसपी सिंह, बीपीएम नारायण राम की लापरवाही उदासीनता के कारण बरही में सरकार के द्वारा तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद भी बाल सुरक्षा कार्यक्रम फेल हो चुका है। सरकार के द्वारा किए जा रहे लाखो रुपये का का कोई फायदा आरबीएसके को नही मिल रहा है। इसलिए बाल अधिकारों के हनन का मामला बनता है। ऐसी परिस्थिति में डीएस, बीपीएम, सहित अन्य जिम्मेदार डॉक्टर्स के खिलाफ बाल सुरक्षा अधिकार हनन के तहत सुसंगत धाराओं में मुकदमा चलनी चाहिए। जब इस संबंध में डीएस डॉ० एसएसपी सिंह से पूछा गया तो उन्होंने इस विषय पर कुछ भी टिप्पणी करने से मना कर दिया।

**बरही अनुमंडलीय अस्पताल की हाल- बेहाल, कौन जिम्मेवार**




**राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम में लगे इन आयुष चिकित्सकों से मुल कार्य छुडवाकर कराई जाती है ओपीडी**



डॉ मो मेराजूल इस्लाम( आयु0 चि0)



डॉ अमन कुमार ( आयुष चिकित्सक)



डॉ मो एजाज ( आयुष चिकित्सक)




डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, धनंजय कुमार | एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## समाजसेवी ने किया जनसंपर्क, मूलभूत सुविधाओं से हुए अवगत

### किसानों के लिए सिचाई एवं युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था प्राथमिकता : रामचन्द्र यादव

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही मध्य भाग के भावी जीप प्रत्याशी बिमला देवी के प्रतिनिधि समाजसेवी रामचंद्र यादव ने सा. `मवार को खोड़ाहर पंचायत के कई गांवों का दौरा कर वहां की जन समस्याओं से अवगत हुए। जनसम्पर्क के दौरान उन्होंने रालो, कुण्डवा, कदवा के ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या को जाना। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक जितने भी जीप सदस्य निर्वाचित हुए है। वे केवल हमलोगों का वोट लेने तक ही सीमित रहे। कभी भी ग्रामीण समस्याओं के प्रति ध्यान नही दिया। जिसके कारण उनके प्रति गहरा आक्रोश है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने इस बार बिमला देवी को समर्थन देने की बात कही। कदवा में अशोक मेहता की पत्नी की निधन पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए रामचंद्र यादव ने हर संभव मदद की आश्वासन दिया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए रामचंद्र यादव ने कहा कि आज भी ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उनके लिए कोई व्यवस्था नही किया गया है। किसानों के लिए सिचाई की व्यवस्था नही हो पाई। बेरोजगारी बढ़ रही है। रोजगार की कोई व्यवस्था नही की जा रही है। लोग पलायन कर रहे हैं। इस पर रोक लगाना जरूरी है। सिचाई एवं रोजगार की व्यवस्था ही उनकी प्राथमिकता रहेगी।



जनसम्पर्क करते समाजसेवी रामचंद्र यादव

## जिला परिषद उम्मीदवार रेखा देवी के पति संजय यादव ने चलाया जनसंपर्क अभियान, सुनीं लोगों की समस्याएँ

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

जिला परिषद भाग 2 मध्य उम्मीदवार रेखा देवी पति संजय यादव भंडारों पंचायत ग्राम अलगडिहा ने जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों की समस्याएँ सुनीं। सभी ग्रामवासियों ने एक स्वर में भरोसा दिलाते हुए सलाह दिया कि आगामी जिला परिषद चुनाव में आपको भरपूर मदद करेंगे और अपनी बहुमूल्य वोट देकर आपको विजय बनाएंगे। लोगों ने कहा कि आप जैसे नेता की हम सभी को आवश्यकता है। विकास के कार्य के लिए इस मौके पर उपस्थित सभी सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता, युवा नेता भोला यादव, रंजीत यादव, संजय यादव, भीम पासवान, किसुन यादव, सुरेश यादव, बोधी यादव, मुंशी यादव, शंकर पा. सवान, नंदलाल पासवान, सहदेव पा. सवान, नकुलदेव पासवान, सहादेव पा. सवान, फूलांगी यादव, विनोद यादव, मोतीलाल यादव, पंकज यादव, निरंजन पासवान, रविंद्र गिरी, रविंद्र, सुभाष, सिकंदर कुमार यादव, विजय यादव, सुरेश यादव, राजेश यादव, संतोष यादव, दीपक कुमार यादव, रामवृक्ष यादव, महावीर यादव, राजू यादव, डेगन यादव, परमेश्वर यादव, लखन यादव, मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।



जनसंपर्क करते संजय यादव

## बगोदर से होकर चलेगी बुलेट ट्रेन, किया गया सर्वे

**अपेम लाइवः गिरीडीह**
**रोहित कुमार**

केंद्र सरकार ने वाराणसी से हावड़ा तक बुलेट ट्रेन दौड़ाने की योजना बनाई है। यह ट्रेन झारखंड से होकर गुजरेगी। इसके लिए गिरिडीह के बगोदर इलाके में सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। धनबाद में अभी सर्वे चल रहा है. सर्वे से लोगों में उत्साह है। झारखंड और खासकर धनबाद के लोगों को उम्मीद है कि उन्हें बुलेट ट्रेन की सुविधा मिलेगी.। बगोदर प्रखंड क्षेत्र में सर्वे का काम किया जा रहा है।. फिलहाल टीम धनबाद इलाके में सर्वे कर रही है। सर्वे टीम में शामिल लोकेश भारद्वाज ने बताया कि वाराणसी से हावड़ा तक बुलेट ट्रेन दौड़ाने की योजना है।. अंतिम फैसला केन्द्र सरकार को लेना है। सर्वे के बाद बुलेट ट्रेन दौड़ाने का फैसला सरकार ले सकती है। उन्होंने बताया कि हमलोगों को सर्वे की जिम्मेवारी दी गई है। जल्द से जल्द सर्वे पूरा करके सरकार को रिपोर्ट सौंप दिया जाएगा। विदेशी सहयोग से बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट शुरु किया गया है। बुलेट ट्रेन के संचालन से ज़्यादा दूरी की सफर काफी कम समय मे पूरा हो सकेगा।




## नेशनल लेवल आर्ट कंपटीशन में हजारीबाग के टिंकू को मिला प्रथम स्थान का ट्रॉफी'

**अपेम लाइवः हजारीबाग**

नेशनल लेवल आर्ट कंपटीशन में हजारीबाग के टिंकू को सीजन 9 में पूरे देश में से मिडिल एज ग्रुप में यानी 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जबकि द्वितीय स्थानः–सौरभ कुमार धरूहरा से, तृतीय स्थानः– हर्षिता कुमारी देवरिया को प्राप्त हुआ है। इन तीनों मिडिल एज ग्रुप में विजय पटाखा लहराया। सीनियर एज ग्रुप में प्रथम स्थान : – स्वप्निल गोविंद तारी मुंबई से, द्वितीय स्थान : रोहित कुमार चंदसराई झंडा, से तृतीय स्थानः– गंजानन राजभौ मजागे परभणी से, जूनियर इस ग्रुप प्रथम स्थानः– अर्शिया साइका जोरहात से, द्वितीय स्थान :– रिधिता गोश अगरतला से, तृतीय स्थानः– सुप्रतिक दे दिबारुगढ़ से इन सभी नेशनल लेवल सीजन 9 के विजेता रहे और अपने राज्य और देश का नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि ने आगे भी इसी तरह अपने देश और राज्य का नाम रोशन करने का शुभकामनाएं दिए। सभी विजेताओं को इंडियन पोस्ट के माध्यम से नेशनल लेवल का ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ।




ट्रॉफी व अपनी मॉ के साथ टिंकु








अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016, 9550809864, 9431129570



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद ने मुखिया पद के लिए पेश की दावेदारी

### निःस्वार्थ भावना से मदद और सुख दुःख में जनता के साथ रहूंगा : सुरेन्द्र

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजीत कुमार**


सुरेन्द्र प्रसाद

चुगलामो पंचायत से युवा, शिक्षित, कर्मठ, जुझारू सह समाजसेवी सुरेन्द्र प्रसाद ने मुखिया चुनाव लड़ने का घोषणा किया हैं। श्री प्रसाद ने बात. चीत पर बताया की आज पंचायत के लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। पंचायत के विकास के नाम पर सिर्फ लूट हुई है। यदि जनता मौका देते है तो पंचायत के लोगो को सबसे पहले हक और अधिकार दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही कहा जिन लोगों का राशन कार्ड में नाम छूट गया है उसका राशन कार्ड बनाया जाएगा। घर घर में शौचालय निर्माण किया जाएगा। जिन लोंगो का वृद्धा, विधवा एवं विकलांग पेंशन नहीं बनी है उन्हें पहले प्राथमिकता दी जाएगी। तुर्कबाद बाजार समेत पूरे पंचायत में सड़क किनारे नाली की निर्माण, पंचायत के सभी गलियों में पीसीसी रोड निर्माण, कच्चा मकान वालों को पीएम आवास हर लाभुकों को दिलाने का कार्य करेंगे। पेयजल एवं शिक्षा से संबंधित समस्या दूर की जाएगी। साथ ही कहा समाज मे निःस्वार्थ भावना से कार्य करूंगा और जनता के हर सुख दुःख में साथ रहूंगा।

APEM LIVE

## शांति व समृद्धि के लिए अखण्ड महाकिर्तन का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**


अखंड हरी किर्तन मे शामिल भक्त

बरकट्ठा प्रखण्ड के बरदबोहि नदी के तट पर अवस्थित खम्भारी स्थान में गांव में शांति समृद्धि सहित सम्पन्. नता की कामना को लेकर अखण्ड महाकिर्तन का आयोजन किया गया साथ ही खम्भारी माई की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई इस पूजन कीर्तन के आयोजन को लेकर गठित पूजा समिति के अध्यक्ष संजय यादव, उपाध्यक्ष सुनील राम, सचिव टिंकू साव, कोषाध्यक्ष बजरंग साव, उप कोषाध्यक्ष भुनेश्वर यादव, उप सचिव कुंदन राम, महेश राम, अर्जुन व्यास, अर्जुन साव, विक्की राम, अजित राम, राहुल राम,अविनाश राम, बसंत राम, विजय यादव, किट्टू राम,कोकिल साव, सुनील यादव, मुखिया बसन्त साव, पीताम्बर नायक समेत ग्रामीण उपस्थित थे

## बेलहरा की सुमित्रा कुमारी ने पेश की विजैया मुखिया पद की दावेदारी

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



वजैया पंचायत से महिलाओं और युवाओं के लिए योग्य, कर्मठ ,जुझारू ,ईमानदार एवं शिक्षित युवा नेता विकास कुमार यादव की धर्मपत्नी सुमित्रा कुमारी ने मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश के दी है। उन्होंने कहा कि इस बार जनता के सेवा के लिए पंचायत चुनाव में आ रही हैं। हमारी सोच युवाओं एवं महिलाओं को आगे बढ़ाना है। अतः इस बार इन्हें मुखिया प्रत्याशी के रूप में चयनित कर नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है एवं अपने क्षेत्र में विकास की गंगा को बहाना है। उन्होंने एक बार मुखिया के लिए समर्थन करने की अपील की है।

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक:---19.10.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेरू---1943
याम्यायन सौम्यगोलेरू
ऋतु:---शरद
माह:---अश्विन
पक्ष:---शुक्ल पक्ष
तिथि:---चतुर्दशी तिथि
दिन:---मंगलवार
नक्षत्र:---उ.भा. नक्षत्र दिन 01:09 मिनट तक उपरांत रेवती नक्षत्र
योग:--व्याघात
करण:---गर
सूर्योदय :---प्रातः 06:19
सूर्यास्त : संध्या 05:41
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :--कुम्भ राशि में
आज का राहूकाल दिन:---03:00 बजे से दिनरू---04:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त:---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
नोट:---दिनांक 15-10-2021 के रात्रि 12:23 से दिनांक 20-10-2021 के दिन 02:30 तक में पंचक रहेगा।
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खास:---आज रात्रि में आसमान से अमृत की वर्षा होगी मान्यता है कि आज ही खीर बनाकर खुले आसमान में रखकर सुबह उसका प्रसाद रूपी सेवन करने से शरीर स्वस्थ रहता है।



आलेख:---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## दिलचस्प होगा पैक्स चुनाव, तारीखों का हुआ ऐलान

### चुगलामो, झुरझुरी, गैंडा, गोरहर, सलैया, पैक्सों में होना है चुनाव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा कार्यालय सहायक निबंधन, सहयोग समितियां, हजारीबाग अंचल द्वारा जारी किए गए अधिसूचना के बाद अपना कार्यकाल पूरा कर चुके प्रखण्ड के पांच पैक्सों में अध्यक्ष पद व समितियो के चुनाव को लेकर तारीखों का घोषणा कर दिया गया। पंचायत चुनाव से पहले होने वाले पैक्स चुनाव को पंचायत चुनाव की तैयारी भी साबित हो सकती है वर्तमान अध्यक्ष पुनः अध्यक्ष बनने के जुगाड़ लगा रहे है दूसरी ओर वही संभावित उम्मीदवार अपने जीत के लिए तिकड़म लगा रहे है। अधिसूचना के अनुसार चुगलामो प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति अध्यक्ष पद के लिए नामांकन 6 दिसम्बर को व मतदान 17 दिसम्बर को मतदान किया जाएगा। झुरझुरी पैक्स का नामांकन 23 नवम्बर व 03 नवम्बर को मतदान होगा। गैंडा पैक्स में उम्मीदवार अपना नामांकन 31 अक्टूबर को कराएंगे जबकि 14 नवम्बर को मतदान होगा। गोरहर पैक्स अध्यक्ष पद का नामांकन 27 अक्टूबर व 11नवम्बर को मतदान होगा सलैया पैक्स में अध्यक्ष पद हेतु नामांकन 26 अक्टूबर को व मतदान 07 नवम्बर को सम्पन्न होगा। इस आशय की जानकारी निर्वाचन पदाधिकारी कारू राम ने दी

## काग्रेसियों ने झारखंड अल्पसंख्यक प्रभारी का चौपारण में किया स्वागत

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**


स्वागत करते कांग्रेसी कार्यकर्ता

कांग्रेस पार्टी के झारखण्ड अल्पसंख्यक प्रभारी उमैर खान का चौपारण में कांग्रेसियो ने किया स्वागत। बिहार से रांची लौटने के दौरान चौपारण प्रखण्ड के चतरा मोड़ पर माला पहनाकर किया गया स्वागत। तीन ज़िले के अल्पसंख्यक प्रभारी मो रुस्तम अली एवम प्रखंड कांग्रेस कमिटि चौपारण अध्यक्ष विकास यादव के अगुवाई में प्रभारी का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में बरही प्रखंड अध्यक्ष इक़बाल रज़ा, कांग्रेस वरिष्ठ नेता बैजु गहलोत, नकीब खान, मीडिया प्रभारी मनोज यादव, लड़न खान, हेलाल अख्तर, तौक़ीर रज़ा, इमरान खान, सोनू खान, लईक खान, साबीर खान, ज़ाकिर खान, अजहर खान, अलीम खान, कलीम खान, इसरायल मियां, इत्यादि थे।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**




बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत मल्लाहटोली निवासी शिवा निषाद उम्र 18 वर्ष पिता लखन निषाद एवं राजन निषाद उम्र 20 वर्ष पिता राजेन्द्र निषाद सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। मौके पर मौजूद सीओ ने तुरंत घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुँचाया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद राजन निषाद को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

## गड्ढे में तब्दील हुई सड़क राहगीरों की बढ़ी परेशानी

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**बिकम सिंह**

दिग्वार मरकच्चो का मुख्य मार्ग को ग्रामीण बनाने की मांग कर रहे हैं। बताया जाता है की यह मार्ग हजारीबाग जिला के चलकुशा प्रखंड एवं कोडरमा और गिरिडीह जिले के अनेक गांवों को जोड़ती हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ो छोटी बड़ी वाहनों का आवागमन होता है। इस दौरान कई बाइक सवार गिरकर घायल हो जाते हैं। दिगवार से बडाकर नदी तक की स्थिति अतिजर्जर है। ग्रामीणों ने कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ,विधायक अमित कुमार यादव व प्रशाशन से अतिशीघ्र बनाने की मांग की हैं।


मरकच्चो का मुख्य सडक




अपेम लाईव न्युज मे विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9550809864

APEM LIVE

## करसो धोबनिगढा के ग्रामीणों ने लगाई डीसी से जमीन एवं जान माल की सुरक्षा की गुहार

### सैकड़ो की संख्या में सीओ कार्यालय पहुंचे ग्रामीण, सुनाई आपबीती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


अंचल कार्यालय पहुंच न्याय की गुहार लगाते दलित समाज के लोग

करसो के धोबनीगढ़ा टोला में रहने वाले दलित समाज के लोगों ने डीसी एवं सीओ से अपनी जमीन के साथ साथ जान माल को सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस बाबत ग्रामीणों ने डीसी को आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया है। वही सोमवार को करसो धोबनीगढ़ा के सैकड़ों ग्रामीण सीओ कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या बताते हुए कहा कि हमलोगों के पूर्वज सुरेंद्र सिंह पिता महेंद्र नारायण सिंह के परदादा राम चरण सिंह केवाल निवासी के यहां बंधुवा मजदूरी करते थे । उनके पूर्वज जमींदार थे और हम लोग के पूर्वज उनके यहां मजदूरी करते थे । 150 वर्ष पहले हम लोगों के पूर्वज के पास घर मकान नहीं था तो उसी के घर में रहते थे और बंधुआ मजदूरी करते थे । मजदूरी का पैसा ना देकर करसो धोबनी गढ़ा के मौजा करसो के खाता नंबर 44 एवं 45 प्ल०ट नंबर 442 एवं 443 रकबा 7 एकड़ 68 डिसमिल जमीन हम लोगों के पूर्वज को मजदूरी के बदले दिए थे। जिस पर घर, मकान, कुंवा बना कर तीन पीढ़ी से रह रहे है। 150 वर्ष के बाद अब सरयू गोप एवं उनके पुत्र के द्वारा जबरन हमलोगों के जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। विरोध करने पर मारपीट गली गलौज एवं घर से निकालने की धमकी दी जा रही है। सीओ से सभी ने न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में सरयू गोप का कहना है कि उक्त जमीन उन्होंने बतौर रजिस्ट्री खरीदी है। सारे कागजात उनके पास है। सीओ से न्याय की गुहार लगाने में बसमतिया मोसमात, पूनम देवी, सोनिया देवी, अनुपा देवी, प्रेम भुइयां, खीरू भुइयां अनीता देवी, सुनीता देवी, शंकर भुइयां, छोटू कुमार भुइयाँ, अखिल भारतीय भुइयाँ समाज कल्याण समिति के प्रखंड अध्यक्ष छोटी राम भुइयाँ, वीरेंद्र भुइयाँ, संतोष रविदास, बा. लेश्वर भुइयां , अशोक भुइयाँ, राजकुमार, मोहन कुमार , बसंती देवी, रेखा देवी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## खीर रखें खुले आसमान में आज रात होगी अमृत की वर्षा : ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा

**अपेम लाइव : इटखोरी**


ज्योतिषाचार्य संदीप शमा

माँ भद्रकाली मंदिर पुजारी ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा बताते हैं कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार अश्विन मास का बेहद महत्व है इस पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा के तौर पर मनाया जाता है. इस साल कल 19 अक्टूबर 2021 के संध्या 06:44 से पूर्णिमा प्रारम्भ हो रहा है सो 20 अक्टूबर 2021 को रात्रि 07:36 तक रहेगा इसीलिए खीर पूर्णिमा की रात्रि में ही रखना चाहिए और रात्रि पूर्णिमा 19 अक्टूबर को ही खीर बनाकर खुले आसमान में रखना चाहिए हालांकि स्नान दान पूर्णिमा 20 को है पूर्णिमा तिथि धनदायक मानी जाती है. ये माना जाता है कि इस दिन आसमान से अमृत की बारिश होती है और मां लक्ष्मी की कृपा मिलती है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन से सर्दियों की शुरुआत होती है. इस दिन चंद्रमा की पूजा होती है. पूर्णिमा की रात चंद्रमा की दूधिया रोशनी धरती को नहलाती है और इसी दूधिया रा. ॅशनी के बीच पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है.। **शरद पूर्णिमा के दिन क्यों बनाते हैं खीर** :–शरद पूर्णिमा की रात को खीर बनाकर खुले आसमान में रखने की मान्यता है. इसके पीछे का तर्क है कि दूध में भरपूर मात्रा में लैक्टिक एसिड होता है. इस कारण चांद की चमकदार रोशनी दूध में पहले से मौजूद बैक्टिरिया को बढ़ाने में सहायक होती है. वहीं, खीर में पड़े चावल इस काम को और आसान बना देते हैं. चावलों में पाए जाने वाला स्टार्च इसमें मदद करते हैं. इसके साथ ही, कहते है की रात को खीर रख दें और प्रातः काल स्नान ध्यान करने के बाद पूरा परिवार उस खीर को प्रसाद रूप में खाएं इससे शरीर में रोग-प्रति. रोधक क्षमता अधिक होती है व शरीर स्वस्थ रहता है। **ये है धार्मिक महत्व** :–इस दिन का धार्मिक महत्व भी काफी ज्यादा है. ऐसा माना जाता है कि शरद पूर्णिमा के दिन ही मां लक्ष्मी की उत्पत्ति समुद्र मंथन से हुई थी. इस धनदायक माना जाता है कि इस दिन मां लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करने आती हैं. जो लोग इस दिन रात में मां लक्ष्मी का आह्वान करते हैं उन पर मां की विशेष कृपा रहती है. शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा की चांदनी में अमृत की बरसात होती है. इन्हीं मान्यताओं के आधार पर ऐसी परंपरा बनाई गई कि शरद पूर्णिमा को खीर खुले आसमान में रखने पर उसमें अमृत समा जाता है। **ऐसे की जाती है पूजा** :–शरद पूर्णिमा को चंद्रमा की पूजा करने का विधान भी है, जिसमें उन्हें पूजा के अन्त में अर्ध्य भी दिया जाता है. भोग भी भगवान को इसी मध्य रात्रि में लगाया जाता है. इसे परिवार के बीच में बांटकर खाया जाता है. सुबह स्नान–ध्यान–पूजा पाठ करने के बाद इसे प्रसाद के रूप में बांटा जाता है. लक्ष्मी जी के भाई चंद्रमा इस रात पूजा–पाठ करने वालों को शीघ्रता से फल देते हैं. अगर शरीर साथ दे, तो अपने इष्टदेवता का उपवास जरूर करें. इस दिन की पूजा में कुलदेवी या कुलदेवता के साथ श्रीगणेश और चंद्रदेव की पूजा बहुत जरूरी मानी जाती है।

## जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर समेत तीन उग्रवादी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

### सलैया जंगल में हुई पुलिस व जेजेएमपी के मुठभेड़ में शामिल थे गिरफ्तार तीनों उग्रवादी

**अपेम लाइव : लातेहार**


प्रेसवार्ता कर जानकारी देते पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व अन्य

लातेहार सदर थाना क्षेत्र के सलैया जंगल में बीते 28 सितंबर को जेजेएमपी उग्रवादी संगठन व पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में शामिल जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर विनय सिंह चेरो, एरिया कमांडर विश्वनाथ उरांव उर्फ प्रदीप उरांव व दस्ता सदस्य सुजीत उरांव को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार उग्रवादी विनय कुमार सिंह पिता गुलाब सिंह (दुलसुलमा सतबरवा) विश्वनाथ उरांव उर्फ प्रदीप उरांव पिता क०लेज उरांव (बरवही मनिका) व सुजीत उरांव पिता स्व. बालदेव उरांव (डोकी मनिका) का रहने वाला है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से 315 की जिंदा गोली 200,नक्सली पर्चा का बुकलेट, नक्सली रसीद बुक, मोबाइल फोन छः,मोबाइल चार्जर एक,स्कूटी एक व डायरी चार बरामद किया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेसवार्ता कर दी। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सदस्य हरतुआ और ओरवाई जंगल के आसपास घूम रहे हैं। इसकी सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। गठित टीम द्वारा छापेमारी कर हरतुआ जंगल से तीनों उग. ॅवादी को पकड़ा गया। गिरफ्तार विनय सिंह चोरों के ऊपर 22 अपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि विश्वनाथ उरांव व सुजीत उरांव पर एक एक अपराधिक मामला दर्ज है। एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि उग्रवादी सरकार द्वारा बनाए गए आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर आत्मसमर्पण करें, नहीं तो पुलिस अपनी करवाई जारी रखेगी। छापेमारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्र,पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, मनिका थाना प्रभारी शुभम कुमार ,छिपादोहर थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार तिवारी, पुअनी रोहित कुमार महतो, दिवाकर धोबी, अजय कुमार दास, जोयदीप बॉस, गौतम कुमार, मो. शाहरुख, सअनी राकेश निर्मल बेग, सेट–वन के जवान शामिल थे।

## पदमा में झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक प्रभारी का हुआ जोरदार स्वागत

**अपेम लाइव : पदमा**


स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता

झारखंड के अल्पसंख्यक प्रभारी उमेर खान के साथ– साथ झारखंड प्रदेश के अल्पसंख्यक सचिव मो रुस्तम अली का पदमा में जोरदार स्वागत किया गया। मोके पर मो नईम, जावेद, गुलाम सरवर, मो सकुर, मो कमरुद्दीन, मो इस्तियाक, मो जाकिर, मो मुख्तार, मो हलीम, मो इमरान, मो इस्लाम, मो तस्लीम, मो याकूब, मो रहुफ, मो आलम, मो मुस्लिम, मो मुस्ताक,मो जफरुद्दीन अंसारी, मो आलम अंसारी, सोनु अंसारी एवह सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता स्वागत में उपस्थित थे।

## एसएस पब्लिक स्कूल चुरचू बड़कागांव में निशुल्क नामांकन जारी

**अपेम लाइव : बडकागांव**
**अमित मालाकार**


दुलारचंद गुप्ता

बड़कागांव अंतर्गत चुरचू में संचालित एस एस पब्लिक स्कूल में निशुल्क नामांकन जारी है। साथ ही नए नामांकन करवाने वाले छात्र एवं छात्राओं को निशुल्क टाई, बेल्ट एवं ड्रेस दिया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के निदेशक दुलारचंद उर्फ अरुण गुप्ता ने दी। आगे उन्होंने बताया कि वैसे बच्चे जो असहाय है उन्हें विद्यालय के द्वारा विशेष मदद की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के हर कदम उठाए जाएंगे। हमारे विद्यालय का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को अधिक से अधिक बढ़ावा देना है।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## 12 लाख की लागत से जिप सदस्य ने विकास योजनाओं की रखी आधारशिला

### क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में मददगार होगी यह योजना : मिथिला

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



आधारशिला रखते सदस्य कार्यकारी समिति जिला परिषद मिथिला पटेल समेत अन्य

15वें वित्त आयोग अंतर्गत जिला परिषद मद द्वारा प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय सारूकुदर में सोमवार को सामुदायिक शौचालय निर्माण तथा पा. इपलाइन द्वारा विद्यालय में जलापूर्ति व्यवस्था का शिलान्यास किया गया। सदस्य कार्यकारी समिति, जिला परिषद हजारीबाग मिथिला पटेल ने ग्राम प्रधान सारूकुदर रोमा देवी की उपस्थिति में नारियल फोड़कर शिलापट्ट का अनावरण किया। इस योजना की प्राक्कलित राशि लगभग 10 लाख रूपए है। इसके अलावा मड़मो पंचायत में 15वें वित्त आयोग के पंचायत मद द्वारा वार्ड नं 9 में दीपचंद महतो के घर से खेमनारायण महतो के घर तक पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण का भी शिलान्यास कार्यकारी समिति सदस्य जिला परिषद मिथिला पटेल द्वारा ग्राम प्रधान मड़मो महेन्द्र गंझू की उपस्थिति में शिलापट्ट का अनावरण कर कार्य की आधारशिला रखी। इस कार्य की प्राक्कलित राशि लगभग 2.48 लाख रूपए है। इस मौके पर मिथिला पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग से पहली बार जिला परिषद के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। इस राशि से पहला कार्य शैक्षणिक उत्थान पर खर्च किया जा रहा है। शिलान्यास के मौके पर कोडरमा सांसद के हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुखदेव महतो, संवेदक इमामुल हुसैन,रियाज खान, शेख कौशर, शेख कल्लू, प्रमोद कुमार पांडेय, कंचन कुमारी, पारा शिक्षक दुलार. चंद महतो, टेकनारायण महतो, कलावती देवी, वार्ड सदस्य रामेश्वर महतो, नीलकंठ तुरी, गुलाम नबी, शाहीद रजा, नसीम अंसारी, भाजपा औंरा मंडल मीडिया प्रभारी घनश्याम महतो, कैलाश महतो, खेमनारायण महतो, जीवाधन महतो, कारूलाल महतो, शंकर महतो, अर्जुन महतो, वकील. चंद महतो, राजेन्द्र मंडल, खेमलाल साव,अरविंद कुमार, अनिल, बंटी, लीलो, मेघन, दुखन महतो, हुलास महतो, द्रौपदी देवी, सरिता कुमारी, जानती देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण

## टाटीझरिया में मुखिया पद के लिए होगा घमासान, चुनावी मूड में आए दावेदार और मतदाता

### चुनाव में कई अपने होंगे आमने-सामने, मुकाबला दिलचस्प होने का आसार

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार यादव**




एक समय सरपंच को ग्राम समिति का सबसे शक्तिशाली व्यक्ति माना जाता था, लेकिन समय के साथ उसका महत्व कम होता जा रहा है। स्थानीय स्वशासन ने इस व्यवस्था को बदल कर रख दिया है और सरपंच अपना महत्व मुखियाओं के हाथों खो बैठे हैं। इधर दशहरा खत्म होते ही पंचायत चुनाव अब जोर पकड़ने लगा है। भावी प्रत्याशी मतदाताओं का नब्ज टटोलने में लग गये हैं तो ग्रामीण मतदाता भी उनसे अपना काम निक. ालने में पीछे नहीं हट रहे हैं। लोकसभा, विधानसभा चुनाव से भी कहीं अधिक पंचायत चुनाव में लोग दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इसबार के चुनाव में कई अपने आमने-सामने से चुनाव लडते व आरोप-प्रत्यारोप लगाते नजर आयेंगे।

**मुखिया की कुर्सी पर है कईयों की नजर, भावी प्रत्याशी कर रहे दावेदारी**

प्रखंड के आठों पंचायतों में मुखिया पद की कुर्सी पर कईयों की गिद्धदृष्टि नजर है। इस बार चुनाव में नये-पुराने कई उम्मीदवार अपना भाग्य आजमाने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। टाटीझरिया पंचायत और खैरा पंचायत की सीट जनरल होने की वजह से हाईलाईट बनी हुई है। पंचायत के हर गांव से कई लोग अपनी उम्मीदवारी पेश करते मिल रहे हैं। डहरभंगा पंचायत से इस बार पिछडा वर्ग महिला की उम्मीदवारी होनी है। इसमें कई लोग चुनाव लडने में अपनी रूचि दिखाते हुए समीकरण बनाने में जुट गये हैं। ध. रमपुर पंचायत और भरा. जो पंचायत के जनरल महिला सीट से कई महिला उम्मीदवारों को चुनाव लडने की संभावना है। झरपो पंचायत के पिछडा वर्ग अन्य सीट से इसबार अधिक रस. साकस्सी होने की उम्मीद है। लोग तैयारी में जुट गए हैं। डुमर पंचायत के अनुसूचित जाति महिला सीट पर इसबार चुनाव दिलचस्प होने का आसार है और बेडम पंचायत के अनुसूचित जनजाति महिला की सीट पर कब्जा जमाने के लिए घमासान मचने वाला है। इधर राज्य सरकार भी कैबिनेट से प्रस्ताव पारित कर चार से पांच चरण में 10 से 30 दिसंबर तक में चुनाव संपन्न करा लेने की तैयारी में जुट गया है।

## दुर्घटना का कारण बन रहा जर्जर सड़क, महीने भर में आधा दर्जन से अधिक हादसे

### सोमवार को अनियंत्रित होकर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचा चालक

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार यादव**



ट्रक दुर्घटनाग्रस्त

एनएच-100 हजारीबाग-बगोदर मार्ग के टाटीझरिया में सड़क जर्जर हो जाने के चलते आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग की मरम्मत के लिए यहां के ग्रामीणों ने कई दफे शासन से गुहार लगाई , लेकिन हालात जस की तस बनी हुई है। मार्ग जर्जर होने के कारण आए दिन यहां दुर्घटनाएं होती रहती है। सोमवार को कोयला लदा ट्रक (जेएच 13 एफ 9677) विष्णुगढ की ओर जाने के दौरान बेनी पुल के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे पहले यहां एक महीने के दौरान आधा दर्जन से भी सडक हादसे हो चुके हैं। कोयला लदे दो ट्रक, एक पिकअप वाहन पुल के रैलिंग से टकराने से नीचे गिरते-गिरते बच चुके हैं। रैलिंग रहने के कारण बडा हादसा टल चुका है। सडक पर गड्ढे के कारण मोटरसाइकिल सवार गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो रहे हैं। फिलहाल गड्ढे में डस्ट जरूर भर दिया गया है लेकिन यह भी कुछ दिन ही चलती है फिर हालात जस की तस बनी रहती है। यहां सडक की बनावट मे सुधार की आवश्यकता है। पुल के पास सडक बीच में काफी ऊंची है और दोनों छोरों पर ढलान है। ऐसे में जर्जर सडक और इसकी बनावट दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। बार-बार दुर्घटना होने के कारण पुल का एक तरफ का रैलिंग का आधा हिस्सा टूट चुका है जो खतरनाक है। इस संकीर्ण पुल के पास पार करने में या साईड लेने में कभी भी कोई गाडी 30 फीट नीचे जा सकती है।

## विष्णुगढ़ के एकलौते मां सरस्वती मंदिर का किया जाएगा जीर्णोदार

### मंदिर नवनिर्माण के लिए कमेटी गठित, धर्मेन्द्र बने अध्यक्ष

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



मां सरस्वती मंदिर

विष्णुगढ़ प्रखंड के अलपीटो पंचायत अंतर्गत हेठली बोदरा गांव में विद्या की देवी मां सरस्वती का एक पौराणिक मंदिर स्थापित है। प्रखंड के अलावा आ. सपास के इलाकों में भी मां सरस्वती का यह एकलौता मंदिर है। मंदिर की दिन-प्रतिदिन जर्जर होती स्थिति को देखते हुए स्थानीय युवाओं द्वारा इसके जीर्णोदार का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों द्वारा मंदिर के नवनिर्माण के लिए भरपूर आर्थिक सहयोग भी मिल रहा है। स्थानीय लोगों के अलावा गांव छोड़कर अन्य राज्यों में कमाने गए प्रवासी मजदूर भी इस पावन कार्य में सहयोग करने को तत्पर हैं। इससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। फिलहाल मंदिर जीर्णोदार कार्य को शुरूआत करने से पूर्व बैठक की गई। इसमें मंदिर नवनिर्माण समिति का गठन कर आगे की रणनीति बनाई जा रही है। कमेटी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र पाठक, सचिव- गजेंद्र पाठक, महासचिव घनश्याम पाठक, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष टेकलाल यादव, उपकोषाध्यक्ष कौलेश्वर पासवान, संगठन मंत्री बालमुकुन्द पंडित, सहसचिव बद्री यादव, प्रवक्ता राजीव रंजन पाठक, संयोजक छोटी यादव तथा लेखापाल नंदकुमार पाठक मनोनीत किए गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में कई लोगों को शामिल किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर के जीर्णोदार कार्य की शुरुआत आगामी आ. श्विन पूर्णिमा 20 अक्तूबर से होगा। फिलहाल जीर्णोदार के लिए निर्माण सामग्री की खरीदारी की जा रही है। मंदिर नव. निर्माण के बाद संगमरमर से निर्मित मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत लोक अदालत 21 को

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के तत्वाधान में स्थाई लोक अदालत हजारीबाग के द्वारा 21 अक्टूबर गुरुवार को 11 बजे अपराहन से बैंक ऑफ इंडिया बड़कागांव और बादम शाखा के ऋण धारकों के सुविधा हेतु ऋण वसूली शि. विर का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर बड़कागांव में किया जा रहा है। न्याय आपके द्वार के तहत ऋणी इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने कहा की ऋण धारी इस अवसर का लाभ उठाएं और ऋण जमा कर के कानूनी कारवाई से बचें।

**आप भी है पत्रकार, आप अपने आस पास की समस्या, घटना से अपेम लाइव न्यूज को अवगत करा सकते हैं।**
**संपर्क-9431129570**



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## मार्खम कॉलेज में वोकेशनल कोर्सेज का इंडक्शन मीट संपन्न

### बीजेएमसी, बीसीए, बीएमएलटी, बीबीए के नव नामांकित विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



विद्यार्थियों को संबांधित करते प्राचार्य

विद्यार्थी अपने अध्ययनकाल के हर क्षण का हमेशा सदुपयोग करें। बिना परिश्रम के अच्छे परिणाम प्राप्त नहीं हो सकते हैं । हमें अपने जीवन में कुछ अलग लक्ष्य हासिल करने के लिए अपनी प्रतिष्ठा और गरिमा को बनाये रखना जरूरी है । उक्त बातें स्थानीय मार्खम कॉलेज स्थित विवेकानंद सभागार में वोकेशनल कोर्सेज के सेमेस्टर वन में नव नामांकित विद्यार्थियों के लिए आयोजित इंडक्शन मीट की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ० बिमल कुमार मिश्र ने कही। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के लिए आज बहुत ही हर्ष और उल्लास का दिन है, क्योंकि आज से एक नए रास्ते पर चल पड़ने की शुरुआत हुई है। प्राचार्य ने कहा कि बिना गुरु के ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती, इसलिए शिक्षकों के बिना विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। विद्यार्थी पुस्तक प्रेमी बनकर कॉलेज का नाम रौशन करें। उन्होने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए समय का पाबंद होना जरूरी है।सभी विभागों में वर्कशाप, सेमीनार और सिम्पोजीयम का आयोजन भी समय-समय पर होगा, जिससे विद्यार्थियों में व्यक्तित्व का विकास होगा। कॉलेज में ड्रेस कोड की चर्चा करते हुए प्राचार्य ने कहा कि सभी विद्यार्थी कालेज में ड्रेस कोड में रहें । ड्रेस कोड एवं उसकी सिंब०ल से विद्यार्थियों की अलग पहचान बनती है। उन्होंने कहा कि सन् 1974 में स्थापित पांच विद्यार्थियों से संचालित मार्खम कॉलेज में आज विद्यार्थी वट- वृक्ष की भांति दस हजार से ऊपर है। उन्होनें विद्यार्थियों से पचहत्तर फीसदी उपस्थिति निश्चित करने को कहा। प्राचार्य ने कहा कि वोकेशनल कोर्स में आपकी पढ़ाई तीन वर्षों की है। इन तीन वर्षों में आप एक अच्छा इंसान बनकर निकले और कॉलेज की आन, बान और शान को बनाये रखें। उन्होंने पीजी इतिहास,भ.ूगोल, हिंदी, राजनीति विज्ञान और वाणिज्य में विश्वविद्यालय में उत्तम रिजल्ट के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से कहा कि आपको पुस्तकालय में बैठकर पढ़ने की आदत डालनी होगी । हमारे कॉलेज का पुस्तकालय पुस्.तकों से सुसंपन्न है, पुस्तकों को पढ़कर आप शिक्षकों के साथ चर्चा करने की आदत डालें, तभी आपके ज्ञान में वृद्धि होगी। इंडक्शन सत्र में सभी वो.केशनल कोर्सेज के शिक्षकों ने अपने पाठ्यक्रम और कैरियर से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की चर्चा की। इस अवसर पर क०लेज के प्रोफेसर इंचार्ज ड० सुरेंद्र बरई ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इंडक्शन मीट के दौरान प्राचार्य ने वोकेशनल कोर्सेज के सभी शिक्षकों का विद्यार्थियों से परिचय करवाया। इंडक्शन मीट में मंच संचालन बीजेएमसी के शिक्षक नवजीत शाहदेव व धन्यवाद ज्ञापन बीटीएलपी की शिक्षिका डॉ रूपम कुमारी ने किया। इस अवसर पर प्रोग्राम ऑफिसर बीएन सिंह ने मार्खम कालेज की उपलब्धियों , अनुभवी शिक्षकों एवं बेहतर शिक्षण की जानकारी दी।उन्होंने नव नामांकित विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर शिक्षकों में समीर प्रसाद,ज्योति कुमारी गुप्ता, दीपा कुमारी गुप्ता, रणधीर कुमार, पूजा गुप्ता, प्रतिभा कुमारी, गौसिया प्रवीन, वोकेशनल कोर्स की कार्यालय सहायिका स्नेहा पाठक समेत बीजेएमसी, बीसीए, बीबीए, बीएमएलटी के नव नामांकित विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## लगातार तीन दिनों से रिमझिम बारिश व हवा तुफान से फसल बर्बाद से किसान बेहाल

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बर्बाद फसल

पिछले 3 दिनों से प्रखंड में लगातार रिमझिम बारिश तथा हवा व तुफान से पकी हुई धान की फसल बर्बाद होने के कगार पर है। वहीं आलू लगाने के तैयारी में किसान खेत तैयार कर रखे थे। कुछ किसान आलू लगा लिए थे जो आलू भी बर्बाद होने की संभावना है। जिससे किसान परेशान तथा बेहाल नजर आ रहे हैं ।पहले किसान को कोरोना ल०कडाउन ने कमर तोड़ी अब बेमौसम बारिश ने किसानों की परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है वहीं किसान बालेश्वर महतो ने कहा कि धान के फसल पक चुकी है और हवा तथा रिमझीम बारिश के कारण पकी हुई फसल गिर रही जिससे भारी नुकसान हो रहा है।जिससे किसानों में मायुसी है।

## शांत परिवार समिति कार्यालय में जड़ा ताला, शाखा प्रबंधक ने थाना में दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यालय में जड़ा ताला

बड़कागांव थाना अंतर्गत विश्रामपुर शांत परिवार बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय में सोमवार को ताला जड़ दिया गया। इस संबंध में वर्तमान शाखा प्रबंधक इंद्रदीप प्रसाद ने बड़कागांव थाने में आवेदन दिया है। आगे आवेदन में कहा है कि शांत परिवार बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड बिश्रामपुर कार्यालय में 18 अक्टूबर को तीन कर्मचारी ऑफिस में काम कर रहे थे तभी तीन लोग आए जिसमें सुरेश कुमार दांगी, सुलेंद्र प्रसाद दांगी एवं उषा देवी ऑफिस में घुस गये और मुझे एवं मेरे कर्मचारियों को मारपीट एवं गाली -गलौच देते हुए 163081रूपये ले लिए। इस संबंध में पूर्व प्रबंधक सुलेंद्र प्रसाद दांगी ने कहा कि खाताधारकों की मेच्योरिटी पूरा होने के बावजूद राशि की भुगतान नहीं किया जा रहा था जिससे आक्रोशित खाता धारियों ने शांत परिवार के बिश्रामपुर कार्यालय में ताला लगा दिया।मेरे ऊपर लगाया गया आरोप पुरी तरह से निराधार व बेबुनियाद है। बड़कागांव पुलिस प्रशासन को जानकारी मिलते ही पुलिस के द्वारा ताला खुलवा दिया गया है।

## झुंड से बिछड़े हाथी ने विष्णुगढ़ में मचाया उत्पात, फसलों को रौंदा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के गाल्होबार में हाथी द्वारा तोड़ी गई चहारदीवारी

प्रखंड के गाल्होवार तथा खरकी पंचायत में रविवार की देर रात झुंड से बिछड़े हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। शाम ढ़लते हीं जंगल से निकल कर हाथी सबसे पहले खरकी पंचायत में दाखिल हुआ। इसके बाद उत्पात मचाना शुरू किया। जंगली हाथी के गांव घुसने की खबर से ग्रामीण भयभीत होकर घरों में दुबके रहे। हाथी ने कई ग्रामीणों की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। इसके बाद हाथी गाल्होबार पंचायत आ धमका। गाल्होबार के टंडवा एवं केन्दुवाडीह गांव में भी हाथी ने जमकर तबाही मचाई। हाथी ने टंडवा स्कूल की चहारदीवारी के अलावा गाल्होवार में वसीम अंसारी की चहारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर उनकी आलू की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। टंडवा में तबाही मचाने के बाद हाथी केन्दुवाडीह में कई लोगों की मकई, धान, साग-सब्जी के अलावा चहारदीवारी, पुआल की मचान तथा मिट्टी के मकान को ध्वस्त कर दिया। हाथी के गांव आने की सूचना से ग्रामीण भयभीत रहे। हाथी के डर से ग्रामीण रातभर रतजगा करते रहे। लोगों ने एक दूसरे को फोन और मैसेज से सूचना देकर सचेत और सावधान रहने की अपील की। दोनों पंचायतों में उत्पात मचाने के बाद हाथी बोकारो जिला की सीमा में नारायणपुर बुढ़ीबागी पेंक होते हुए जंगल की तरफ़ चला गया। हाथी के उत्पात से पीड़ित लोगों ने बताया कि झुंड से बिछड़ा हाथी काफी आक्रामक है। तेज गति से वह तबाही मचाते हुए आगे निकल जा रहा है। बीच में पड़ने वाले सभी अवरोधों को ध्वस्त करते हुए बढ़ते जा रहा है। गनीमत रही कि हाथी ने किसी इंसान को क्षति नहीं पहुंचाई।







